CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 204 ▫ रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़

# सात श्रद्धालुओं की मौत, कई घायल



**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बिहार के लखीसराय स्थित प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में सोमवार सुबह भगदड़ मच गई। इस घटना में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसे के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह अशोकधाम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। देखते ही देखते परिसर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। घायल श्रद्धालुओं को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भेजा गया है। एसडीपीओ शिवम कुमार ने बताया कि घटना में सात लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। प्रशासन की ओर से घटना के कारणों का पता लगाने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

लखीसराय के डीएम शैलेंद्र कुमार ने अशोकधाम मंदिर में भगदड़ जैसी घटना को लेकर बताया कि प्रशासनिक टीम सुबह करीब 4:30 बजे से ही मौके पर मौजूद थी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के बीच शाम करीब 6:30 से 6:45 बजे के बीच दो ट्रेनों के ठहराव के कारण मंदिर परिसर में भीड़ और बढ़ गई।

### मृतक के परिजन को चार लाख अनुदान, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

हादसे पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित और त्वरित इलाज के निर्देश दिए हैं, वहीं हादसे में मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि देने की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लखीसराय के अशोकधाम में हुई घटना पर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अशोकधाम की घटना अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। हादसे में श्रद्धालुओं की मृत्यु की खबर से उनका मन व्यथित है। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि घायलों के समुचित एवं त्वरित इलाज के लिए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### पीएम मोदी व पूर्व मुख्यमंत्री नीतिश ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लखीसराय में हुई भगदड़ की घटना पर दुख जताया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि बिहार के लखीसराय में भगदड़ के कारण हुई जनहानि से प्रधानमंत्री बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़ की घटना अत्यंत दु:खद है।

### नागचंद्रेश्वर मंदिर में भगदड़ से छह घायल, हरसिद्धि मंदिर में भी 13 की तबीयत बिगड़ी

महाकाल मंदिर के ऊपरी तल पर स्थित श्रीनागचंद्रेश्वर मंदिर के दर्शन के लिए लगी कतार में सोमवार सुबह अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हरसिद्धि मंदिर चौराहे के समीप बैरिकेडिंग के अंदर डीपी के पास करंट फैलने की अफवाह के बाद दर्शन के लिए कतार में खड़े लोगों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस दौरान कई श्रद्धालु घायल हो गए। भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ सोमवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर घटनाएं हुईं। नीलकंठ द्वार के पास करंट की अफवाह से भगदड़ मच गई, जबकि दूसरी ओर हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग वाले क्षेत्र में भीड़ का दबाव बढ़ने से कई श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद परिजन और सुरक्षाकर्मी करीब 13 श्रद्धालुओं को अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल सभी का उज्जैन जिला अस्पताल में इलाज जारी है। अस्पताल में भर्ती श्रद्धालुओं की हालत पर चिकित्सकों की नजर बनी हुई है।

### गंगा में डूबीं 7 बच्चियां, 3 के शव मिले; 1 की तलाश जारी, 3 सुरक्षित

बिहार के बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में सावन की सोमवारी पर गंगा स्नान के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में लापता चार बच्चियों में से तीन के शव बरामद कर लिए गए हैं। बरामद शवों की पहचान बबली कुमारी, नंदनी कुमारी और राधिका कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, चौथी लापता बच्ची आरती कुमारी की तलाश अभी भी जारी है। हादसा रानीसराय गांव के पास सोमवार सुबह हुआ था, जब सात बच्चियां एक साथ गंगा स्नान करने पहुंची थीं।

जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब पांच बजे की है। सावन की सोमवारी को लेकर रानीसराय गांव की सात बच्चियां एक साथ गंगा नदी में स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान एक बच्ची अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसे बचाने के प्रयास में अन्य बच्चियां भी पानी में आगे बढ़ गईं। देखते ही देखते सातों बच्चियां डूबने लगीं। बच्चियों को डूबता देख मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल नदी में उतरकर बचाव अभियान शुरू किया। ग्रामीणों ने किसी तरह तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि चार बच्चियां गहरे पानी में लापता हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बख्तियारपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरू कराई।

### एक ही परिवार के तीन लोगों सहित चार कांवड़िया गंगा में डूबे, तलाश में जुटी एनडीआरफ व गोताखोर

शहर के पांचाल घाट पर सोमवार को भोर में जल भरने से पहले स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन लोगों सहित एक ही गांव चार लोग गंगा में डूब गए। पुलिस स्थानीय गोताखोरों के साथ एनडीआरफ उनकी तलाश में जुटी है। पानी का बहाव तेज होने से दोपहर तक उनका पता नहीं चला। शाहजहांपुर जनपद के नयागांव खुदागंज निवासी योगेश (17) पुत्र प्रमोद सक्सेना अपने चाचा विकास (25) पुत्र सोनपाल सक्सेना व चचेरे चाचा कमल (23) पुत्र सत्यपाल व गांव के अर्जुन (17) पुत्र राजेश प्रजापति के अलावा सहित दस लोगों के साथ कांवड़ लेकर पांचाल घाट रविवार देर रात पांच बाइकों से पहुंचे थे। सोमवार भोर में करीब 4:30




बजे पांचाल घाट के उत्तरी बंधा के पास स्नान करने पहुंचे। वहां इनके साथी बाइकों के पास खड़े हो गए। बाकी लोगों गंगा में स्नान करने लगे। योगेश सहित चारों लोग गहरे पानी में जाने लगे तभी बाहर खड़े उनके साथियों व पुलिस कर्मियों ने उन्हें मना किया पर वह नहीं माने और गहरे पानी में चले गए।

## शिवालियों में सुबह से उमड़ी भक्तों की भीड़



**रायपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** सावन सोमवार के तीसरे सोमवार को सभी शिवालियों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली बड़ी संख्या में भक्तजन सुबह से ही शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करने एवं दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे शिवालियों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगाकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हुए नजर आए। भगवान शिव की भक्ति और आराधना का पवित्र माह सावन चल रहा है. आज सावन का तीसरा सोमवार है. सुबह से ही शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं. रायपुर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर और भुतेश्वरनाथ महादेव समेत प्रदेशभर के कोने-कोने में आस्था के उत्सव की तस्वीरें



सामने आ रही हैं.राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. भोलेनाथ के दर्शन के लिए जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा के साथ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. सुबह 3:30 बजे मंदिर का पाठ खोला गया. हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना कर रहे हैं. भक्तों की भीड़ बढ़ती चले जाएगी।

## पति को डूबता देख तालाब में कूदी पत्नी, दोनों की डूबने से हुई मौत

**बलरामपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले से दर्दनाक घटना सामने आई है. तालाब में गिरने से पति डूबने लगा, बचाने के लिए पत्नी ने छलांग लगा दी. हालांकि दोनों बाहर नहीं आ पाए और उनकी डूबने से मौत हो गई. रिश्तेदार जसमती भी उन्हें बचाने के लिए पानी में उतर गई थी, लेकिन ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाल लिया. घटना कुसमी थाना क्षेत्र के अमरपुर के बड़का जोभी की है।



जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान मुनेश्वर नाग और उनकी पत्नी घुघरी नाग के रूप में हुई है. वन विभाग के तालाब में अचानक मुनेश्वर गिरकर पानी में डूबने लगा, जिसके बाद उनकी पत्नी ने भी छलांग लगा दी. बाहर निकलने का प्रयास अफल रहा. दोनों की डूबकर मौत हो गई. इस दौरान वहां मौजूद रिश्तेदार जसमती भी उन्हें बचाने के लिए पानी में उतर आई. हालांकि ग्रामीणों की तत्परता के कारण उस सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलने पर कुसमी पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से दोनों के शवों को तालाब से बाहर निकलवाया. इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. बताया गया कि अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण परिजनों को निजी वाहन से शव अस्पताल ले जाना पड़ा। घटना को लेकर कुसमी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है. हादसे की खबर से मृतक दंपती के परिवार में शोक का माहौल है।

## आज नागपंचमी



### बीजेपी को झटका, राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** बीजेपी को एक बड़ा झटका लगा है। पार्टी के



राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इस्तीफा दे दिया है। इसके पीछे का कारण उन्होंने अपने निजी आर्थिक कारणों का हवाला देते हुए कॉर्पोरेट/निजी क्षेत्र में जाने की बात कही है। शहजाद ने अपने सोशल मीडिया पर अपना इस्तीफा शेयर किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि पार्टी ने पहले इस्तीफा लेने से मना कर दिया, लेकिन इस फैसले पर पुनर्विचार के लिए कहा गया। हालांकि, गहन विचार-विमर्श के बाद उन्होंने अपने फैसले को बरकरार रखा।




चूहा- सुनती हो, आज नागपंचमी में सपेरे नाग लेकर घूम रहें हैं।
चुहिया- हां जी, लेकिन अब तो इससे भी ज्यादा जहरीले नाग राजनीति में मिल जाएंगे।

### 3 करोड़ के गबन की जांच में दूसरा बड़ा खुलासा 5वीं वाहिनी का एक और प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**जगदलपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जगदलपुर की 5वीं वाहिनी सशस्त्र बल की कर्मचारी कल्याण साख समिति में करीब 3 करोड़ रुपये के गबन के मामले में जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मामले में अब पुलिस ने एक और प्रधान आरक्षक को गिरफ्तार किया है। पहले समिति के अध्यक्ष शिवकांत तिवारी की गिरफ्तारी हुई थी, और अब उनके सहायक रहे प्रधान आरक्षक संजय चौहान को भी पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है।

मामला कंगोली स्थित 5वीं वाहिनी की कर्मचारी कल्याण साख समिति से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2021 के बीच लोन खातों और जमा राशि में हेराफेरी की गई और इसके लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। शिकायत के आधार पर परपा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान समिति के अध्यक्ष और प्रधान आरक्षक शिवकांत तिवारी को संदिग्ध पाए जाने पर 29 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद अब वित्तीय कामकाज से जुड़े उनके सहायक प्रधान आरक्षक संजय चौहान की भूमिका भी जांच के घेरे में आई। पूछताछ के बाद पुलिस ने संजय चौहान को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर किन्नरों में हुई मारपीट, पूजा और रजिया ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट

**बिलासपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर के तारबाहर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर किन्नर समुदाय के दो पक्ष एक बार फिर आमने-सामने आ गए। नाई मोहल्ले में हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, धमकी और अभद्रता के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में तारबाहर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूजा किन्नर ने पुलिस से की गई शिकायत में आरोप लगाया कि रजिया खुरसेल किन्नर अपने साथियों के साथ उसके घर पहुंची और विवाद करने लगी। मौके पर देवी किन्नर समेत चार-पांच अन्य लोग भी मौजूद थे। आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और बाल पकड़कर कमरे से बाहर तक घसीटा गया। इसके बाद उसे लगातार



धमकियां दी जा रही हैं। वहीं, दूसरे पक्ष की रजिया खुरसेल किन्नर ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। रजिया ने पूजा किन्नर, राजा किन्नर और लाडो किन्नर पर मारपीट, धमकी देने और मिर्ची पाउडर छिड़कने के आरोप लगाए हैं। फिलहाल, दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने दोनों शिकायतों को दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में राहुल गांधी को अंतरिम राहत

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति के आरोपों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 20 अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर शिकायतकर्ता, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) समेत संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें अदालत ने उनके खिलाफ लगाए गए आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की जांच के लिए सीबीआई और ईडी को कानून के तहत उचित कार्रवाई करने की छूट दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों जांच एजेंसियों और अन्य अधिकारियों से कहा है कि वे फिलहाल इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष कोई रिपोर्ट दाखिल न करें।



**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की सुनवाई पर लगाई रोक**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से भी कहा है कि वह 20 अगस्त को प्रस्तावित सुनवाई को तब तक स्थगित रखे, जब तक शीर्ष अदालत इस मामले में आगे सुनवाई नहीं कर लेती। हालांकि, यह अंतरिम व्यवस्था है और मामले में अंतिम निर्णय बाद की सुनवाई में होगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिलहाल मामले की जांच से संबंधित रिपोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल नहीं की जा सकेगी और 20 अगस्त की सुनवाई भी टल गई है। शीर्ष अदालत अब राहुल गांधी की याचिका पर आगे सुनवाई करेगी और संबंधित पक्षों के जवाब मिलने के बाद मामले में अगली दिशा तय होगी। यह मामला कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से की गई शिकायत से जुड़ा है।

## छत्तीसगढ़ की बेटियों को पढ़ाई-नौकरी का झांसा देकर अलीगढ़ में बेचता था गिरोह, 3 बच्चियों का किया रेस्क्यू

**रायपुर, 17 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की बेसहारा बेटियों को पढ़ाई और आर्थिक मदद का झांसा देकर यूपी के अलीगढ़ में बेचने वाले मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। टप्पल थाना और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की संयुक्त कार्रवाई में 'लीडर चाची समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरोह के चंगुल से 3 नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित किया है। अलीगढ़ के एसपी देहात मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि 7 अगस्त को पीआरवी से सूचना मिली थी कि टप्पल क्षेत्र के मौर गांव में एक बच्ची को बेचा गया है। इसके बाद सीओ खैर अभिषेक कुमार पटेल के नेतृत्व में ऑपरेशन स्माइल के तहत टीम गठित की गई। जांच में पता चला कि प्रयागराज के सराय इनायत थाना क्षेत्र की बबीता उर्फ 'चाची' पत्नी रामबाली यादव, छत्तीसगढ़ की आर्थिक रूप से कमजोर बच्चियों को निशाना बनाती थी। वो उन्हें पढ़ाई-लिखाई, नौकरी और



आर्थिक सहायता का लालच देकर अपने प्रभाव में लेती थी। पुलिस के मुताबिक के सुखाराम उर्फ सूखा उर्फ महावीर फौजदार इन बच्चियों को खरीदकर अलीगढ़ और आसपास के सीमावर्ती क्षेत्रों में मोटी रकम लेकर बेच देता था। एक नाबालिग की कीमत 70 हजार से 1 लाख रुपए तक तय की जाती थी।

एसपी मनीष मिश्रा के मुताबिक, गिरोह जानबूझकर नाबालिग बच्चियों को निशाना बनाता था। आरोपियों को लगता था कि कम उम्र में उन्हें अपने प्रभाव में लेना और ब्रेनवॉश करना आसान होगा। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि बरामद बच्चियों के अलावा गिरोह ने कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है। गिरोह में राजस्थान का सुखाराम उर्फ सुखा भी शामिल था। पुलिस के अनुसार वह फर्जी पहचान के आधार पर रह रहा था। पूछताछ और जांच में मानव तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस ने इस मामले में थाना गौंडा क्षेत्र में रहने वाले सुखाराम उर्फ सूखा उर्फ महावीर फौजदारा, बबीता उर्फ चाची, बबलू, ओमपाल सिंह और विनोद को टप्पल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर तीन बच्चियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित किया गया।

CMYK